मुख्यमंत्री सचिवालय

# प्रेस विज्ञप्ति

*राँची,दिनांक–* **27.01.2020**

★ रक्तदान महादान -- हमारा और आपका दान दिया गया रक्त दूसरों का जीवन बचाता है-- हेमन्त सोरेन मुख्यमंत्री

======================

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची

विज्ञप्ति संख्या -104/2020

27 जनवरी 2020

फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल बरियातू, रांची

=====================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने सोना सोभरन मेमोरियल सोसाइटी द्वारा संचालित फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल बरियातू , रांची में आयोजित " DONATE BLOOD SAVE LIFE" रक्तदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ========================

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने भी रक्तदान किया।

======================

सोना सोभरन मेमोरियल सोसाइटी ने रक्तदाताओं को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी।

======================

★ रक्तदान मानवता के लिए सबसे पुनीत कार्य

★ रक्तदान के प्रति युवा वर्ग को आगे आने की आवश्यकता

--हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री

======================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को साल में तीन से चार बार रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से स्वास्थ्य पर इसका अच्छा प्रभाव पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्तदान को लेकर सरकार की स्पष्ट नीति नहीं होने के कारण भी रक्तदान के प्रति लोगों के मन में दुविधा बनी रहती है। देश में लगभग 250 सीसी की चार करोड़ यूनिट रक्त की जरूरत पड़ती

है। रक्तदान सुरक्षित और स्वस्थ परंपरा है। इसमें जितना खून लिया जाता है उतना ही खून 21 दिन में शरीर फिर से बना लेता है। उक्त बातें मुख्यमंत्री ने सोना सोभरन मेमोरियल सोसाइटी द्वारा संचालित फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल बरियातू , रांची में आयोजित " DONATE BLOOD SAVE LIFE" रक्तदान कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहीं।

## रक्तदान एक बहुत ही पुनीत कार्य

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारे और आपके द्वारा दान किए गए रक्त से किसी की जिंदगी बच सकती है। रक्तदान एक बहुत ही पुनीत कार्य है। रक्तदान महादान है इसे जीवनदान के बराबर माना जाता है।

## दिल से बहुत ही खुशी मिलती है

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे तो हम लगातार ही रक्तदान करते हैं। आज मौका मिला कि सामूहिक रक्तदान में शामिल होकर रक्तदान किए। रक्तदान करने पर दिल से बहुत ही खुशी मिलती है। हमारा रक्त ना जाने किस जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन रक्षा कर सकता है। राज्य में स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए नौजवानों को ब्लड डोनेशन कैंप में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के जिला स्तरों के अस्पतालों में खून की काफी कमी है इसे सभी लोग मिलजुल कर ही पूरा कर सकते हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी लोग मिलजुल कर कार्य करेंगे तभी स्वस्थ समाज और स्वस्थ राज्य का निर्माण होगा।

## युवा वर्ग को आगे आने की आवश्यकता

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि रक्तदान के लिए युवा वर्ग को आगे आने की आवश्यकता है तभी रक्त की कमी को अस्पतालों में पूरा किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक इंसान की रक्त की कमी को पूरा एक दूसरा इंसान ही कर सकता है। इसका कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

रक्तदान सबसे बड़ा दान है

इस अवसर पर सोना सोभरन  मेमोरियल सोसायटी की अध्यक्ष एवं फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल बरियातू की निदेशिका श्रीमती कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि हमारी संस्था इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता को लेकर काफी गंभीर रहती है। उन्होंने कहा कि हमारे वजन का 7% हिस्सा खून होता है। उन्होंने कहा कि यदि रक्तदान करने योग्य लोगों में से अगर मात्र  3% लोग भी नियमित तौर पर रक्तदान  करें तो देश में खून की कमी दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा किया गया रक्तदान ना जाने कितनी जिंदगियों को बचाता है। रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इस कार्य के लिए समाज के सभी वर्गों के लोगों को आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से मनुष्य की सेवा करने की भावना और आत्म संतुष्टि मिलती है।

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र दिया

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन सोरन और सोभरन मेमोरियल सोसायटी की अध्यक्ष श्रीमती कल्पना मुर्मू सोरेन ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी दिया। श्रीमती कल्पना मुर्मू सोरेन ने रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सबने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझा और इस पुनीत कार्य में शामिल हुए। साथ ही उन्होंने रिम्स प्रबंधन का भी धन्यवाद दिया जिनका इस कैंप में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इस अवसर पर विद्यालय प्रशासक श्री प्रमोद कुमार ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त कई जिंदगियों को बचाता है। इस बात का एहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई अपना खून के लिए जिंदगी और मौत के बीच जूझता है। उस वक्त हम नींद से जागते हैं और उसे बचाने के लिए खून का इंतजाम की जद्दोजहद करते हैं।

इससे पहले मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही वहां उपस्थित सभी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे एवं अभिभावक सहित रक्तदाताओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। सभी ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन का पारंपारिक रूप से अभिवादन और स्वागत किया। स्कूल में अध्ययनरत बच्चों ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

कार्यक्रम में सोना सोभरन मेमोरियल सोसायटी द्वारा संचालित फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावक एवं स्कूल के सभी कर्मचारियों ने भी रक्तदान कर अपना कर्तव्य निभाया। मौके पर संस्था के सभी सदस्य उपस्थित थे।

###

=================

#Team PRD (CMO)